मिमी के लिए कृति नहीं बल्कि प्रियंका थीं पहली पसंद

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मराठी सुपरहिट फिल्म माला आई वायची का हिंदी रीमेक बन रहा है जिसका नाम मिमी रखा गया है। जहां मराठी में इस फिल्म में उर्मिला कोठारे लीड रोल में थीं वहीं इसके हिंदी रीमेक में कृति सैनन दिखाई देंगी। फिल्म की कहानी एक ऐसी सरोगेट मदर की है जो एक विदेशी बच्चे को जन्म देती है। फिल्म की ऑरिजनल राइटर और डायरेक्टर समृद्धि पोरे ने बताया कि मिमी के लिए मूल मराठी फिल्म के राइट्स खरीदे गए हैं। उन्होंने कहा, हाल में प्रड्यूसर दिनेश विजान ने कुछ दिन पहले एक फ्लाइट के दौरान मेरी फिल्म देखी। यह फिल्म 8 साल पहले बनी थी और उन्हें यह पसंद आई तो उन्होंने मुझसे संपर्क किया। इसके बाद हमने उन्हें हिंदी रीमेक बनाने के लिए राइट्स दिए हैं। फिल्म के हिंदी वर्जन को भी समृद्धि ने लिखा है और इसमें पहले वह प्रियंका चोपड़ा को लेना चाहती थीं। उन्होंने कहा, प्रियंका चोपड़ा से इस फिल्म के बारे में बात हुई थी और वह इस समय बहुत बिजी हैं। उनके पास इस फिल्म के लिए डेट्स ही नहीं थीं। इसके बाद इस फिल्म में कृति सैनन को कास्ट किया गया। फिल्म में लुका छुपी के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर के साथ कृति एक बार फिर काम करेंगी। साथ ही, ऐक्टर पंकज त्रिपाठी भी उनके भाई के किरदार में दिखाई देंगे। मराठी फिल्म में काम करने वाली ऐक्ट्रेस उर्मिला कोठारे ने इसका हिंदी में रीमेक बनाए जाने पर खुशी जताई है और कहा है कि यह फिल्म अन्य सभी भाषाओं में भी बनाई जानी चाहिए। वैसे बता दें कि इससे पहले यह फिल्म तेलुगू भाषा में वेलकम ओबामा नाम से बन चुकी है। समृद्धि ने बताया है कि वह फिल्म के इंग्लिश रीमेक के लिए हॉलिवुड राइट्स पर भी बात कर रही हैं।

अक्टूबर से आरएक्स१०० की शूटिंग शुरू करेंगी तारा सुतारिया

तारा सुतारिया जो कि अब तेलुगू हिट फिल्म आरएक्स१०० के हिंदी में रीमेक में नजर आएंगी, ने कहा कि वह मसूरी में अक्टूबर की शुरुआत में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी।

तारा ने मुंबई में एक स्टोर लॉन्च के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा, मैं आरएक्स१०० की शूटिंग को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मैं अक्टूबर में मसूरी में शूटिंग शुरू करूंगी। बता दें, हिंदी रीमेक का डायरेक्शन मिलन लुथरिया कर रहे हैं और इसे साजिद नाडियाडवाला प्रड्यूस कर रहे हैं। जब से आरएक्स१०० के हिंदी रीमेक का अनाउंसमेंट हुआ है, तभी से इसे लेकर काफी बज बना हुआ है। इसकी एक वजह यह भी है कि फिल्म से सुनील शेट्टी के बेटे अहान अपना बॉलिवुड डेब्यू करने जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि फिल्म का टाइटल तड़प हो सकता है। बात करें तारा की तो यह उनकी तीसरी फिल्म होगी। इससे पहले वह स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 में नजर आई थीं। इसके अलावा वह मरजावां में दिखेंगी जो कि रिलीज होने वाली है।

अंग्रेजी मीडियम में राधिका की जगह सारा को लेना चाहते थे दिनेश विजान?

टीवी से पॉप्युलर हुईं ऐक्ट्रेस और विशाल भारद्वाज की फिल्म पटाखा से बॉलिवुड में डेब्यू करने वाली राधिका मदान आजकल काफी चर्चा में हैं। अपने डेब्यू के बाद ही राधिका पिछले साल अभिमन्यु दसानी के डेब्यू फिल्म मर्द को दर्द नहीं होता में दिखाई दी थीं। अब वह इरफान खान स्टारर अंग्रेजी मीडियम में काम कर रही हैं।

बताया जा रहा है कि राधिका फिल्म में इरफान खान की बेटी का किरदार निभा रही हैं। पहले ऐसा कहा जा रहा था कि इस रोल के लिए सारा अली खान का चुनाव हुआ था। हालांकि बाद में फिल्म के प्रड्यूसर ने अनाउंस किया कि इस रोल में राधिका को लिया जाएगा।

हालांकि इंटरव्यू में उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि उनका यह रोल एक स्टारकिड को दिया जाने वाला था लेकिन वह इसे नहीं छोड़ना चाहती थीं। इसके बाद कई बार रिक्वेस्ट करने पर राधिका का रोल के लिए ऑडिशन लिया गया। बता दें कि अंग्रेजी मीडियम को दिनेश विजान प्रड्यूस कर रहे हैं। होमी अदजानिया के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म में इरफान और राधिका के अलावा करीना कपूर भी एक किरदार में दिखाई देंगी। इरफान पहले ही इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। यह फिल्म 24 अप्रैल २०२० में रिलीज होगी।